卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 39 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦16 नवम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in







## केन्द्रीय मंत्री ने लिया रेस्क्यू अभियान का जायजा

### सुरंग में फंसे चालीस श्रमिकों को आज बाहर निकाले जाने की उम्मीद

उत्तरकाशी (उद ब्यूरो)। सिलक्यारा सुरंग में फंसे 40 श्रमिकों को आज 5 दिन हो गए हैं । श्रमिकों को सकुशल बाहर निकालने के लिए अभियान युद्ध स्तर पर चल रहा है। सुरक्षा कर्मियों ने सुरंग के 200 मीटर क्षेत्र को आम लोगों और मीडिया की आवाजाही प्रतिबंधित कर दी है। वहीं गुरूवार को केन्द्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह ने मौके पर पहुंचकर अभियान का जायजा लिया। बता दें यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के



बीच निर्माणाधीन सुरंग में बीते रविवार तड़के हुए हादसे में तकरीबन 40 मजदूर फंसे हैं। मजदूरों को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि गुरुवार को मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। भूस्खलन की घटना से न केवल सुरंग के अंदर फंसे श्रमिकों के स्वजन परेशान हैं, बल्कि सिलक्यारा गांव सहित आसपास के गांव के ग्रामीण भी चिंतित है। रेस्क्यू अभियान की जानकारी लेने के लिए आज केंद्रीय राज्यमंत्री वीके सिंह सिलक्यारा में साइट पर पहुंचे। यहां उन्होंने बचाव अभियान का जायजा लिया और अभियान में जुटे अधिकारियों को दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि काम चल रहा है।चीजे भेज दी गई हैं। हम अपनी तरफ से पूरी कोशिश कर रहे हैं। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी बचाव (शेष पृष्ठ सात पर)

## सड़क पर अचानक हाथी आने से फिसली बाइक,युवक की मौत



कोटद्वार(उद संवाददाता)। दुगड्डा मार्ग पर गुरुवार को अचानक हाथी आ गया। इस दौरान वहां से आवाजाही कर रहे एक बाइक सवार की घबराहट में बाइक रपटने से मौत हो गई। घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे की है। 34 वर्षीय सतेंद्र पुत्र जगत सिंह सुबह बाइक से कोटद्वार से सतपुली के लिए निकला था। तभी लालपुल के पास अचानक सड़क पर हाथी आ गया और युवक ने तेजी से बाइक के ब्रेक लगा दिए। इस दौरान बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गई। जिससे युवक के सिर छाती पर गंभीर चोटें आईं। जिसके बाद मौके पर ही युवक की मौत हो (शेष पृष्ठ सात पर)

## कमिश्नर ने किया कलेक्ट्रेट का निरीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कुमांऊ कमिश्नर दीपक रावत ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा



निर्देश दिये। तय कार्यक्रम के मुताबिक कमिश्नर दीपक रावत प्रातः करीब साढ़े 11 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां पहुंचने पर डीएम उदय राज सिंह समेत अन्य अधिकारियों ने गुलदस्ते देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद कमिश्नर (शेष पृष्ठ सात पर)

## विधायक के एक्शन से शराब माफियाओं में मचा हड़कम्प

### विधायक ने घरों और दुकानों में छापे मारकर खुद बरामद की अवैध शराब

रूद्रपुर(उद संवाददाता)।आदर्श इंदिरा बंगाली कालोनी में अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं के आंदोलन की सूचना पर विधायक शिव अरोरा बुधवार शाम खुद मौके पर पहुंचकर महिलाओं से वार्ता की। महिलाओं की शिकायत के बाद विधायक का पारा चढ़ गया और उन्होंने अवैध शराब के खिलाफ खुद ही छापेमारी शुरू कर दी और कई जगह पर अवैध शराब बरामद की। विधायक ने मौके पर ही पुलिस अधिकारियों को





तलब कर लिया और मामले को लेकर आबकारी विभाग के डीओ को भी जमकर फटकार लगायी। बता दें आदर्श इंदिरा बंगाली कॉलोनी में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल रखा था। महिलाओं का कहना था कि कॉलोनी में नशे का कारोबार तेजी से जड़ें जमा रहा है। जिससे स्थानीय युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं और (शेष पृष्ठ सात पर)

## प्रेमिका का शौक पूरा कराने के लिए चुराये 11 लाख

### राईस मिल से 11 लाख की चोरी के मामले में मुंशी और उसकी प्रेमिका गिरफ्तार

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। राईस मिल से 11 लाख की नगदी चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया हैं मामले में पुलिस ने मिल के मुंशी और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला है कि मुंशी ने की प्रेमिका के शौक पूरा करने के लिए चोरी की थी। रकम चुराने के बाद उसने प्रेमिका के लिए ज्वैलरी खरीदी। दोनों के पास से



ज्वैलरी और 1 लाख 48 हजार रूपये की रकम बरामद की गयी है। बता दें 25 अक्टूबर को जयप्रकाश अग्रवाल निवासी वार्ड न0-03, नानकमत्ता ने रिपोर्ट लिखाई थी। जिसमें उसने राईस मिल के गल्ले में से किसानों के (शेष पृष्ठ सात पर)

## लापता व्यक्ति का क्षत विक्षत शव बरामद

किच्छा (उद संवाददाता)। घर से लापता व्यक्ति का सड़ी गली अवस्था में शव पुलभट्टा थाना क्षेत्र में बरामद हुआ हैं। घटना स्थल पर सल्फाश के खाली रैपर बरामद हुए हैं। जिससे मामला आत्म हत्या का माना जा रहा है। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। जानकारी के अनुसार शहदौरा के पूर्व ग्राम प्रधान दिलबाग सिंह ने पुलिस को सूचना दी कि जीरो बंदा बेगुल डाम के पास एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़ी गली अवस्था में पड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। शव के पास सल्फास के खाली रैफर भी बरामद हुए। मृतक की शिनाख्त 65 वर्षीय खिरोद मंडल पुत्र विनोद मंडल निवासी सिली (शेष पृष्ठ सात पर)

### रेलवे ट्रैक पर अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

रूद्रपुर। रेलवे ट्रैक पर अधेड़ का शव मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। जानकारी के मुताबिक भूरारानी रोड त्रिमूर्ति प्लाइवुड के समीप रेलवे ट्रैक पर अज्ञात व्यक्ति का शव पड़ा था। डायल 112 पर सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवाया। एसआई अशोक कुमार ने शव का पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पायी है। पुलिस शिनाख्त के प्रयास कर रही है। पुलिस के मुताबिक किसी ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हुयी है।

## रुद्रपुर में ईआईएफएस शाखा का भव्य शुभारम्भ

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। मुख्यालय चंडीगढ़ एवं कनाडा के





पश्चात आज जिला मुख्यालय रूद्रपुर में ईआईएफएस शाखा का भव्य शुभारम्भ किया गया। जिसका उद्घाटन मेयर रामपाल सिंह ने धार्मिक अनुष्ठानों के बीच फीता काटकर किया। उन्होंने कम्पनी के प्रबंध निदेशक लविश महाजन व उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि सम्पूर्ण देश के साथ जनपद उधमसिंह नगर में विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करने तथा रोजगार के लिए युवाओं में विदेश जाने को काफी उत्सुकता रहती है। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि ईआईएफएस विदेश जाने के इच्छुक युवाओं के सपनों को पूरा करने में काफी सहायक होगी। ईआईएफएस कम्पनी के मैनेजिंग डायरेक्टर लवीश महाजनने बताया कि उनकी कम्पनी ईआईएफएस का शुभारम्भ वर्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

## बंद घर से चोरों ने नगदी और जेवरात उड़ाये

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा में अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाकर नगदी और जेवर उड़ा लिये। सूचना पर पुलिस ने मौका मुआयना कर घटना की



जानकारी ली। पुलिस चोरों का सुराग लगाने के लिए सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जानकारी के अनुसार रम्पुरा वार्ड नं. 23 में किशन लाल पुत्र झम्मन लाल की परचूनी की दुकान और घर एक साथ है। भैया (शेष पृष्ठ सात पर)

# पांचवे दिन सुरंग में फंसे मजदूरों को निकालने के लिए नई ड्रिलिंग मशीन से फिर शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन

## वायुसेना के हरक्यूलिस विमान में ऑगर मशीन के पार्ट्स की खेप सिलक्यारा पहुंचाई



## मजदूरों की कुशलता के लिए किया हवन यज्ञ

उत्तरकाशी। आलवेदर रोड परियोजना के अंतर्गत यमुनोत्री राजमार्ग पर निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में तीन दिन से फंसे मजदूरों की कुशलता के लिए श्रीनगर व्यापार सभा समेत विभिन्न सामाजिक संगठनों ने लक्ष्मीनारायण मंदिर में हवन-यज्ञ किया। इस दौरान हवन यज्ञ में शामिल लोगों ने कहा कि शनिवार की रात्रि को सिलक्यारा के समीप सुरंग में मलबा गिरने से 40 मजदूर सुरंग में फंस गए। जिन्हें सकुशल निकालने के लिए प्रशासन और आपदा प्रबंधन की टीम लगातार रेस्क्यू अभियान चलाए हुए है। लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है।

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव को उत्तरकाशी के सिलक्यारा में राष्ट्रीय राजमार्ग की टनल में फंसे 40 मजदूरों को निकालने के अभियान जुटी केंद्रीय एजेंसियों को हर तरह से सहयोग देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि बेहतर समन्वय से विषम हालात से निपटा जा सकता है। सिलक्यारा टनल साइट पर नई जैक एंड पुश अर्थ ऑगर मशीन के इंस्टॉलेशन का काम पूरा हो गया है। जल्द ड्रिलिंग शुरू होने की उम्मीद है। राहत एवं बचाव मिशन के प्रभारी कर्नल दीपक पाटिल का कहना है कि अमेरिका में बनी जैक एंड पुश अर्थ ऑगर मशीन पुरानी मशीन से काफी एडवांस है, जो काफी स्पीड में काम करेगी। राहत एवं बचाव ऑपरेशन में अब मिलिट्री ऑपरेशन की टीम भी शामिल हो गई है। इसके साथ वायुसेना, थल सेना भी बचाव अभियान में मदद कर रही है। सिलक्यारा टनल में भूस्खलन के बाद अब एनएचआई डीसीएल की ओर से अब वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई जा रही है। जिसमें रेस्क्यू ऑपरेशन के साथ सुरंग में पल-पल के हालत पर नजर रखी जा रही है। कंपनी से जुड़े एक कर्मी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस काम के लिए दो लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। टनल में एक वीडीयो कैमरो चौबीसों घंटे पल-पल के हालत और रेस्क्यू ऑपरेशन पर भी नजर रखेगा। वहीं फोटो भी ली जाएंगी। उत्तरकाशी में निर्माणाधीन सिलक्यारा टनल में रविवार को भूस्खलन के बाद फंसे 40 मजदूरों को निकालने के लिए मंगलवार रात को रेस्क्यू आपरेशन के दौरान ऑगर मशीन में तकनीक खराबी आने के बाद बुधवार को नई दिल्ली से नई मशीन मंगवाई गई। वायुसेना के दो हरक्यूलिस विमानों से चिन्यालीसौड़ हवाई अड्डे पर मशीन के पार्ट्स की खेप पहुंची। वहीं, देर रात मशीन के आखिरी व महत्वपूर्ण पार्ट को सिलक्यारा साइट पर पहुंचाया गया। जिसके बाद सुबह से मशीन के इंस्टालेशन व ट्रायल की तैयारियां जोरों पर हैं। गौरतलब है कि यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर सिलक्यारा से डंडालगांव के बीच निर्माणाधीन सुरंग में बीते रविवार तड़के हुए हादसे में तकरीबन 40 मजदूर फंसे हैं। पांच दिन बीत जाने के बाद भी रेस्क्यू टीम के हाथ खाली है। हांलाकि लगातार डे नाईट मजदूरों को बचाने रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है, तकनीकी विशेषज्ञों का कहना है कि आज बुधवार को मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जाएगा। उत्तरकाशी के सिलक्यारा टनल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए मंगाई गई उच्च क्षमता की ऑगर मशीन के हिस्सों की आखिरी खेप भी प्रशासन के द्वारा सुरक्षित हवाई जहाज से उतार कर ग्रीन कॉरिडोर बनाकर सिलक्यारा पहुंचाई गई। चिन्यालीसौड़ हवाई पट्टी पर ऑगर मशीन की अनलोडिंग व रेस्क्यू साइट तक परिवहन के लिए समन्वय की जिम्मेदारी एसडीएम डुंडा बृजेश कुमार तिवारी संभाल रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मशीन के कल-पुर्जो की आखिरी खेप भी रेस्क्यू स्थल के लिए भेज दी गई है। ऑगर मशीन हेतु प्लेटफार्म तैयार कर लिया गया है। ड्रिल के लिए 900 एमएम के पाइप को टनल के अंदर ले जाया जा रहा है। ऑगर मशीन के अधिकतर पार्ट्स पहुंच चुके हैं, शेष पार्ट्स चिन्यालिसौर से पहुंचाये गये हैं। खाने की सामग्री जिनमें काजू, मूंगफली, भीगे हुए चने, भूने हुए चने, पॉप कॉर्न, दवाइयां जो की हर दो घंटे में दी जा रही है। सभी मजदूर सुरक्षित हैं। सिलक्यारा सुरंग के निर्माण में लापरवाही का एक बड़ा मामला सामने आया है। सुरंग के जिस संवेदनशील हिस्से में भूस्खलन हुआ वहां उपचार के लिए गार्टर रिब की जगह सरियों का रिब बनाकर लगाया गया है। बताया कि सिलक्यारा सुरंग के मुहाने से 200 मीटर अंदर जहां भूस्खलन हुआ है वह हिस्सा संवेदनशील है जिसमें गार्टर रिब की जगह 32 एमएम की सरियों से बना रिब लगाया गया। जो कि मलबे का दबाव नहीं झेल पाया। बताया कि यहां गार्टर रिब लगाया गया होता तो शायद यह हादसा नहीं होता। निर्माणाधीन सिलक्यारा सुरंग में दो प्वाइंट भूस्खलन के लिहाज से बेहद संवेदनशील हैं। पहला प्वाइंट सिलक्यारा मुहाने से 200 मीटर की दूरी पर है, जिसमें वर्तमान में भूस्खलन हुआ है। एक अन्य सिलक्यारा वाले मुहाने से ही 2000 से 2100 मीटर के मध्य है। टनल के एक मशीन ऑपरेटर ने बताया कि 2000 से 2100 के बीच वाले संवेदनशील पार्ट का स्थाई उपचार हुआ है लेकिन 200 मीटर के निकट वाले का नहीं। रविवार को सुरंग में हुए भूस्खलन के मलबे में एक शॉटक्रिट मशीन व एक बूमर मशीन दबने की सूचना मिली है। एक मशीन ऑपरेटर ने बताया कि यहां उस दौरान ट्रीटमेंट का काम चल रहा था। जब हल्का मलबा गिरा तो इन मशीनों में कार्यरत कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई।

## चिंताएं बढ़ रही, एनएच के बड़े विशेषज्ञ अभी तक सिलक्यारा नहीं पहुंचे: हरदा

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के पूर्व सीएम एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता हरीश रावत ने उत्तकाशी में निर्माणाधीन टनल में फंसे मजदूरो को बचाने के लिए चलाये जा रहे रेस्क्यू ऑपरेशन में विलंब होने पर चिंता व्यक्त की है। पूर्व सीएम ने बुधवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में एनएच के अधिकारियों की कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए कहा कि सिलक्यारा, उत्तरकाशी में चिन्यालीसौड़ से लगभग 1 घंटे के रास्ते पर वहां एनएच द्वारा जो टनल बनाई जा रही है, सड़क का निर्माण ही एनएच कर रहा है, उस टनल के धसने से 40 लोग टनल के अंदर फस गए हैं, आज चौथा दिन है। हमारी जानकारी में उन तक ऑक्सीजन और खाना भी पहुंचाया जा रहा है। उम्मीद थी कि असली बचाव का काम 24 घंटे के अंदर प्रारंभ हो जाएगा। क्योंकि एनएच और बॉर्डर रूट ऑर्गेनाइजेशन देश में कई स्थानों पर जिसमें उच्च हिमालयी क्षेत्र भी हैं, बड़ी-बड़ी टनलें बना रहा है। लेकिन ज्यों-ज्यों बचाव में समय लग रहा है चिंताएं बढ़ रही हैं। चिन्यालीसौड़ की हवाई पट्टी पर बड़े मालवाही जहाज भी उतर सकते हैं। मुझे आश्चर्य है कि एक ड्रिल मशीन जो लाई गई है उसके सभी पार्ट्स नहीं पहुंच पाए हैं। मैं इस तथ्य से चिंतित हूं कि एनएच के बड़े अधिकारी और इस क्षेत्र के बड़े विशेषज्ञ अभी सिलक्यारा नहीं पहुंचे हैं। अंधाधुन टनल निर्माण के विरोध में खड़ा होने के कारण मैं इस विषय में ज्यादा टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा। मगर यह अवश्य कहना चाहूंगा कि रैणी से भी हमने कोई सबक नहीं लिया है। दूर जहां से आजीविका कमाने के लिए वो लोग आए हैं, उनके चिंतित परिवारों के साथ पूरे उत्तराखंड की सद्भावनाएं हैं, भगवान उनकी रक्षा करे।







## निर्माण कार्य में कंपनी की लापरवाही से हुआ हादसा

देहरादून। सुप्रीम कोर्ट में अधिवक्ता श्रीकांत प्रसाद ने बुधवार को सिलक्यारा सुरंग में भूस्खलन हादसे का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य में लगी कंपनी की लापरवाही के चलते यहां हादसा हुआ है। यहां संवदेनशील हिस्से का सही तरीके से उपचार किया गया होता तो घटना नहीं घटती। कहा कि कंपनी ने पैसा बचाने के लिए टनल में प्रति मीटर ब्लॉकिंग और कंकरीटिंग पर ध्यान दिया। टनल इंजीनियरिंग के सुरक्षा कारकों को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने हादसे के कारणों की पड़ताल कर निर्माण कार्य में लगी कंपनी के साथ राज्य सरकार के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर करने की बात कही। कहा कि वह जल्द कुछ दिनों के अंदर यह जनहित याचिका दायर कर देंगे। पिछले चार दिन से सिलक्यारा टनल में भूस्खलन के बाद से फंसे 40 मजदूरों में से कुछ ने गत मंगलवार को सिरदर्द, जुकाम और बुखार की शिकायत की थी। जिस पर उन्हें आवश्यक दवाइयां पाइपलाइन के द्वारा भेजी गई थी। एक-एक घंटे के अंतराल पर खाने के लिए पॉपकॉर्न, काजू, बादाम व मुरमुरे के साथ विटामिन टेबलेट भी दी जा रही है। जिससे उनके अंदर कमजोरी न आए। इसके अलावा पाइपलाइन से मजदूरों से बात कर उनका लगातार हौसला बढ़ाया जा रहा है।सिलक्यारा टनल में भूस्खलन के बाद अब एनएचआईडीसीएल की ओर से अब वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई जा रही है। जिसमें रेस्क्यू ऑपरेशन के साथ सुरंग में पल-पल के हालत पर नजर रखी जा रही है। कंपनी से जुड़े एक कर्मी ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इस काम के लिए दो लोगों को जिम्मेदारी दी गई है। टनल में एक वीडीयो कैमरो चौबीसों घंटे पल-पल के हालत और रेस्क्यू ऑपरेशन पर भी नजर रखेगा। वहीं फोटो भी ली जाएंगी।

## साइबर सिटी बनाने के लिए सरकार करेगी एमओयू

देहरादून। प्रदेश सरकार ऊधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर के आसपास साइबर सिटी बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। इस प्रस्ताव को अंजाम देने के लिए सरकार आईटी क्षेत्र की नामी कंपनियों से बात कर रही है। टाटा और इंफोसिस सरीखी कंपनियों ने निवेश के लिए हामी भरी है। कंपनियों के सुझाव पर सरकार आईटी व सेवा क्षेत्र की नीतियों में भी बदलाव कर सकती है। आठ और नौ दिसंबर को प्रस्तावित वैश्विक निवेशक सम्मेलन की तैयारी कर रही प्रदेश सरकार ने रोड शो के दौरान कई आईटी कंपनियों को निवेश के लिए उत्तराखंड में आमंत्रित किया है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, आईटी सेक्टर में टाटा 5000 करोड़ रुपये का निवेश कर सकता है। निवेश की राशि परिस्थितियों के अनुरूप और अधिक हो सकती है। इसके अलावा आईटी सेक्टर की अग्रणी कंपनी इंफोसिस से भी सरकार की बात हो चुकी है। इंफोसिस भी उत्तराखंड में बड़ा निवेश कर सकती है। आईटी सेक्टर से जुड़ी कई और प्रमुख कंपनियों से चल रही बातचीत भी सकारात्मक मानी जा रही है। सरकार की योजना एक ही स्थान पर सभी आईटी कंपनियों को भूमि उपलब्ध कराने की है। यदि ऐसा हो पाता है तो सरकार राज्य की पहली साइबर सिटी बनाने में सफल हो पाएगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, साइबर सिटी के लिए रुद्रपुर में पराग फार्म के पास उपलब्ध भूमि पर आईटी कंपनियों को भूमि उपलब्ध कराई जा सकती है। सरकार की आईटी सेक्टर में 20-30 हजार करोड़ रुपये का निवेश जुटाने का लक्ष्य है। यदि सरकार अपने लक्ष्य के निवेश जुटा लेती है तो साइबर सिटी बनाए जाने की राह आसान हो जाएगी। नाम न बताने की शर्त पर एक आला अफसर ने कहा कि अब तक हुई बातचीत में आईटी कंपनियों का रिस्पांस बहुत सकारात्मक और उत्साहित करने वाला है।

## जनजाति समुदाय के लोगों ने राज्यपाल से की मुलाकात



देहरादून(उद संवाददाता)। जनजाति गौरव दिवस के अवसर पर बुधवार को राजभवन में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से उत्तराखण्ड की थारू, बुक्सा, जौनसारी और भोटिया जनजाति समुदाय के लोगों ने मुलाकात की। अपनी पारंपरिक पोशाक में आए इन लोगों को राज्यपाल ने जनजाति गौरव दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। राज्यपाल ने कहा कि सभी जनजातियां हमारा गौरव हैं, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। स्वाधीनता संग्राम में भी जनजाति समुदाय की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति समुदाय की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत हम सभी को गौरवान्वित करती हैं। राज्यपाल ने कहा कि जनजाति समुदाय के लोगों से उनका पुराना जुड़ाव रहा है। पूर्वोत्तर राज्यों में अपनी सेवा काल के दौरान अनुभवों को साझा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि उन्हें लम्बे समय तक ऐसे लोगों के बीच कार्य करने का मौका मिला है। जनजाति समुदाय की संस्कृति और कला को बेहद करीब से जानने का मौका मिला है। उन्होंने जनजाति समुदाय से आह्वान किया कि वे अपना उद्यम स्थापित करें और सरकार की रोजगारपरक योजनाओं का लाभ लें। राज्यपाल ने कहा कि यह हम सभी की जिम्मेदारी है कि जनजाति समुदाय को आगे बढ़ाने के भरपूर अवसर प्रदान किये जाएं और उनकी बेहतर शिक्षा और रोजगार में सहयोग दें। इस अवसर पर राज्यपाल की धर्मपत्नी श्रीमती गुरमीत कौर, निदेशक जनजाति कल्याण एस.एस.टोलिया, अपर निदेशक योगेन्द्र रावत, समन्वयक राजीव सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बडे पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट
डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159
100 से 400 गज तक के प्लाट
100,160, 200 गज विला
खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

# कुंडेश्वरी में शराब के ठिकाने पर छापामारी

## कच्ची शराब और उपकरण समेत एक कारोबारी गिरफ्तार, भट्टियों को भी किया नष्ट

काशीपुर(उद संवाददाता)। कुंडेश्वरी चौकी पुलिस ने क्षेत्र में अवैध कच्ची शराब के ठिकाने पर छापामार कार्यवाही की। पुलिस की कार्यवाही से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कार्यवाही के दौरान कच्ची शराब की गैर कानूनी कारोबार में लिप्त एक व्यक्ति को दबोच कर उसके कब्जे से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में लहन नष्ट करते हुए भट्टियां भी तहस-नहस की और शराब बनाने के उपकरण कब्जे में ले लिए। जानकारी के मुताबिक कुंडेश्वरी चौकी प्रभारी विनोद जोशी को पिछले कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि ग्राम जगतपुर के जंगली इलाके में कुछ लोग कानून को ताक पर रखकर अवैध कच्ची शराब की कसीदगी में लिप्त है। इसी सूचना पर हरकत में आए चौकी प्रभारी श्री जोशी ने उप निरीक्षक संतोष देवरानी, कांस्टेबल मुकेश कुमार, कांस्टेबल हरि सिंह, किशोर फर्त्याल व कुलदीप को साथ लेकर मौके पर छापामार कार्यवाही की। पुलिस टीम की कार्यवाही से अवैध



कच्ची शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस को देखकर कुछ कारोबारी मौके से भाग खड़े हुए। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी कर ग्राम जगतपुर निवासी गुरमुख सिंह पुत्र महेंद्र सिंह को 50 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। बरामद शराब को वह ठिकाने लगाने की फिराक में था। कार्यवाही के दौरान मौके पर धधक रही अवैध कच्ची शराब की भट्टियों को तहस-नहस करते हुए पुलिस ने शराब बनाने के उपकरण ड्रम पाइप पतीला बाल्टी कनस्तर डब्बा आदि कब्जे में ले लिया। कोतवाली लाकर गिरफ्तार कच्ची शराब के कारोबारी से पुलिस ने उसका धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान करते हुए अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया।

### पुलिस के अभियान से कारोबारियों में खलबली

काशीपुर। इंचार्ज से इस बारे में और विस्तृत जानकारी लेने का प्रयास किया तो उन्होंने तल्ख लहजे में कहा कि जरायम कारोबार को किसी भी कीमत पर क्षेत्र में पनपने नहीं दिया जाएगा। अपराधियों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। चौकी इंचार्ज ने आम नागरिकों से भी अपील किया कि यदि उनके आसपास कोई अपराधिक गतिविधियों मैं लिप्त है तो इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी जाए। पुलिस सेवा सुरक्षा के लिए हर संभव तत्पर है। पुलिस की सक्रियता से अवैध कच्ची शराब के कारोबारियों में खलबली मची है।

# सेमीफाइनल में भारत की ऐतिहासिक जीत पर जताया हर्ष

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। वर्ल्ड कप क्रिकेट के सेमीफाइनल में भारत की न्यूजीलैंड के ऊपर शानदार जीत की खुशी में भाजपा नेता सुशील गाबा ने हर्ष जताते हुए जमकर आतिशबाजी करते हुए समस्त क्षेत्र वासियों को बधाई दी। भाजपा नेता सुशील गाबा ने कहा कि आज की जीत भारत के लिए बहुत खुशी का पल है। रोहित शर्मा और शुभमन गिल की शानदार ओपनिंग और उसके बाद विराट कोहली



की ऐतिहासिक शतकीय पारी तथा श्रेयस अय्यर की शतकीय पारी की सहायता से भारत ने 397 का शानदार स्कोर खड़ा किया उसके बाद मोहम्मद शमी की शानदार गेंदबाजी से न्यूजीलैंड की पारी तहस हो गई। यह एक ऐसी जीत है जिसने भारत वासियों के दिलों में हर्ष की लहर का संचार कर दिया है। आज हर भारतवासी खुश है ,हर तरफ भारत के शानदार जीत से उत्साह का माहौल है। यह हर भारतवासी की जीत है। श्री गाबा ने आशा वक्त की जिस प्रकार भारत की टीम अभी तक अजेय रही है, उसी प्रकार फाइनल में भी अजेय रहेगी और विराट कोहली सहित समस्त देश के श्रेष्ठ खिलाड़ियों की यह टीम विपक्षी टीम को हराकर विश्व कप को अपने नाम कर लेगी।

# बंदी छोड़ दिवस पर धार्मिक समागम आयोजित

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरु हरगोबिंद साहिब जी के बंदी छोड़ दिवस एवं श्री गुरु ग्रंथ साहिब के गुरु गद्दी दिवस को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम



गुरु हरगोबिंद पब्लिक स्कूल खेमपुर में आयोजित किया गया। 11वें विशेष गुरमत समागम का शुभारंभ गुरु ग्रंथ साहिब जी के अखंड पाठ के भोग एवं अरदास के साथ किया गया गुरुद्वारा श्री नानकपुरी टांडा तहसील बहेड़ी उत्तर प्रदेश से आए भाई कुलवंत सिंह रसीला द्वारा वाह-वाह बानी निरंकार है ,सतगुरु बंदी छोड़ है। आदि शब्द गायन करके संगत को आनंदित किया । वही ग्राम रेहड़ बिजनौर उत्तर प्रदेश से आए ढाढ़ी जत्था भाई गुरमीत सिंह,कुलदीप सिंह, रणजीत सिंह,अमृतपाल सिंह द्वारा गुरु हरगोबिंद साहिब के जीवन के अलावा अमर शहीद बाबा दीप सिंह द्वारा दरबार साहिब श्री अमृतसर की रक्षा अपने प्राणों की बाजी लगाकर सैकड़ो दुश्मन को मार कर अपनी शहादत दिए जाने का मार्मिक प्रसंग दोहराया । सिख मिशनरी कॉलेज के देवेंद्र सिंघ द्वारा गुरु ग्रंथ साहिब जी को समर्पित तथा गुरबाणी पाठ के अंतर्गत शिरोमणि बाणी जपु जी साहिब का नित्य प्रति पाठ करने तथा आत्मिक लाभ प्राप्त करने की जानकारियां प्रदान की। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य चरणजीत सिंह,प्रीतम सिंह संधू,कमल प्रीत सिंह, इंद्रजीत सिंह,विक्रम सिंह गोराया,सतनाम सिंह, बलदेव राज के अलावा राजेंद्र कौर, अमरदीप कौर, हरप्रीत कौर सहित तमाम श्रद्धालुओं द्वारा कार्यक्रम में शामिल होकर गुरु का लंगर एवं गुरु के उपदेश को आत्मसात करते हुए अपनी सेवाएं प्रदान की।

# छठ पूजा घाटों की सफाई कराने की मांग

किच्छा(उद संवाददाता)। सामाजिक कार्यकर्ता एवं कांग्रेस कमेटी के प्रदेश महासचिव ने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से भेंट कर छठ पूजा पर क्षेत्र की सभी नदियों में स्वच्छ जल की आपूर्ति किए जाने की मांग की है । किच्छा स्थित नमक फैक्ट्री छठ घाट पर छठ पूजा के लिए साफ सफाई अभियान एवं क्षतिग्रस्त छठ घाटों की मरम्मत के कार्यों का जायजा लिया तथा छठ घाट की व्यवस्था में लगे सभी सामाजिक कार्यकर्ताओं से वार्ता कर छठ घाट में आ रही दिक्कतों को दूर करने के लिए प्रयास किया। प्रदेश सचिव संजय सिंह ने बताया कि उन्होंने उप जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा से वार्ता कर लाल कुआं पेपर मिल द्वारा नदियों में डाले जा रहे गारद को छठ पूजा के मद्देनजर रोके जाने की मांग की तथा यह भी मांग की कि सभी छठ घाटों के साफ-सफाई एवं सौंदरीकरण का शासन प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाए। प्रदेश सचिव संजय कुआं पेपर मिल से नदियों में गारद ना छोड़े जाने की कार्यवाही की जाएगी। जिससे छठ पूजा कार्यक्रम सफल हो



सिंह की मांग पर उप जिला अधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा जितना भी हो सकेगा इस पर सहयोग किया जाएगा तथा लाल सके और स्वच्छ पानी नदियों में आ सके। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता वीरेन्द्र वर्मा, चन्दन जयसवाल, सहित तमाम लोग उपस्थित थे।

# झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ भैया दूज मनाया

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।महिला एवं सामाजिक जागरूकता कल्याण समिति की टीम ने झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों के साथ भैया दूज मनाया। महिला जागरूकता की टीम ने झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले बच्चों को पढ़ाई लिखाई के लिए



जागरुक करते हुए साफ-सफाई के बारे में भी जागरूक किया और साथ ही उनके माता-पिता को भी बच्चों की सही परवरिश व बच्चों को साफ सुथरा रखने और बच्चों की पढ़ाई को ध्यान में रखते हुए उनके आगे के करियर को सही दिशा देने की बात कही। भैया दूज के दिन महिला एवं सामाजिक जागरूकता की अध्यक्ष डॉक्टर उषा नरेंद्र जैन, टीम की सदस्य कविता रावत, सुमन तिवारी,ममता नेगी, सीता देवी ने इन बच्चों को मिठाइयों, टोपी, नोटबुक, पेंसिल,फल और साबुन, सर्फ भी बांटा।



# पुण्य तिथि पर विरेन्द्र सामंती को दी श्रद्धांजलि

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। पूर्व मंडी समिति अध्यक्ष स्व. स.वीरेन्द्र सिंह सामन्ती की पुण्यतिथि पर उनके आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, पूर्व भाजपा जिला महामंत्री भारत भूषण सहित तमाम लोगों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने कहा कि स्व सामंती युवाओं के प्रेरणा स्रोत थे उनके जैसे राजनेता के यूं चले जाने से प्रदेश को भारी हानि हुई है। इस दौरान उनके पिता स. प्यार सिंह जी, माता मनदीप कौर पत्नी संदीप कौर, मनदीप कौर, मेयर रामपाल सिंह ,भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, विपिन शर्मा बिट्टू




, एडवोकेट दिवाकर पांडे, संजय ठुकराल,आशीष छाबड़ा, योगेश चौहान, रोनिक नारंग ,आशीष छाबड़ा, हरपाल, पार्षद प्रमोद शर्मा, हिमांशु शुक्ला, किरण विर्क, पार्षद निमित्त शर्मा, बंटी कोली, मोर सिंह यादव ,गोविंद साहनी ,राजू गुप्ता, सत्ता कोली, संजय आर्य, आशीष श्रीवास्तव ,शिवकुमार शिबू ,ऋषि, राज, राजेश ग्रोवर सहित नागरिक उपस्थित थे।

# एक ही परिवार की तीन लोगों पर मारपीट का मुकदमा

काशीपुर(उद संवाददाता)। गाली गलौज मारपीट के एक मामले में एक ही परिवार के सगे भाइयों समेत तीन लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। गांधीनगर कुंडेश्वरी निवासी लवप्रीत सिंह पुत्र कुलदीप सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि दीपावली के दूसरे दिन यानी 13 नवंबर को वह अपने दोस्तों के साथ महादेव नगर में स्थित हलवाई की दुकान पर मिठाई खरीदने आया था इसी दौरान वहां मौजूद परमजीत सिंह लाडी व करमजीत सिंह पुत्रगण गुरदेव सिंह, तथा गुरदेव सिंह पुत्र मस्सा सभी निवासी गांधीनगर कुंडेश्वरी ने अचानक गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से उसके तथा दोस्तों के साथ बुरी तरह मार पिटाई की। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि मारपीट की इस घटना में उसे गंभीर चोटें आई। पुलिस को दी तहरीर में शिकायतकर्ता ने आशंका जताई कि उसके परिवार के प्रति अभियुक्तगण कभी भी अनहोनी घटित कर सकते हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उपरोक्त तीनों ही आरोपियों के खिलाफ धारा 323 504 506 आईपीसी के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# साक्षी के साथ बीस साल बाद पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे माही



पुश्तैनी मकान के प्रवेश द्वार पर बैठे एमएस धोनी और उनकी पत्नी साक्षी।

## पैलाग बोलकर लोगों और महिलाओं से मिलकर महेंद्र सिंह धोनी ने खूब खिंचवाई सेल्फी,देखने के लिए गांव में प्रशंसकों का लगा जमावड़ा,कुल देवता मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर वापस लौटे

अल्मोड़ा( उद ब्यूरो)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं सुपरस्टार बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी 20 साल बाद पत्नी साक्षी और अपने कुछ दोस्तों के साथ बुधवार को अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे। महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी ने गांव पहुंचकर गांव के लोगों को पैलाग कहकर उनका अभिवादन किया।वहीं, काला चश्मा पहने साक्षी गांव के प्राकृतिक सौन्दर्य से अभिभूत नजर आई। उन्होंने गांव की महिलाओं के साथ खूब बातचीत की और सेल्फी खिंचवाई। इस दौरान गांव की बुजुर्ग महिलाओं ने धोनी और उनकी पत्नी का पारंपरिक च्यूड़े से पूजन कर उन्हें तरक्की का आशीर्वाद दिया। धोनी की पत्नी साक्षी ने गांव के खुशियों के पलों को सोशल मीडिया पर साझा किया है। साक्षी ने सोशल मीडिया पर फोटो पोस्ट करते हुए लिखा कि ल्वाली में बहुत सारे धोनी मौजूद हैं। इनके बीच आज का दिन काफी रोमांचक रहा। गां के बच्चे धोनी से कहने लगे हम भी आपकी तरह क्रिकेटर बनना चाहते हैं। धोनी ने उनकी हौसला अफजाई की। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी अपनी पत्नी साक्षी और कुछ मित्रों के साथ बुधवार को अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे। 20 साल बाद गांव पहुंचे माही को देखने के लिए प्रशंसकों का जमावड़ा लग गया। धोनी ने पत्नी संग अपने कुल देवता समेत गांव के चार मंदिरों में विधि-विधान से पूजा अर्चना की। धोनी बुधवार को सुबह करीब 10:15 बजे जैंती तहसील के अंतर्गत ल्वाली गांव पहुंचे तो लोग जुटने लगे। धोनी वाहनों के काफिले के साथ गांव के लिए निकले तो जगह-जगह उनकी झलक पाने को प्रशंसक बेताब दिखे। धोनी ने पत्नी साक्षी के साथ कुल देवता मंदिर में पूजा की। गांव में स्थित गोल्ज्यू देवता मंदिर, कुल देवी हिमती देवी, बुबु मंदिर हिम्मत धोनी के मंदिर में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। कुल पुरोहित पंडित मुन्ना जोशी ने विधि-विधान से पूजा अर्चना की। दोपहर करीब एक बजे वह वापस चले गए। जैंती (अल्मोड़ा)। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के पिता पान सिंह ने 80 के दशक में अपना पैतृक गांव को छोड़ दिया था। वह रोजगार के लिए रांची चले गए थे। बाद में वहीं फैक्टरी में काम करने लगे। हालांकि धोनी के पिता धार्मिक आयोजनों में गांव आते रहे हैं। धोनी के पिता और माता वर्ष 2003 में पैतृक गांव ल्वाली आए थे। तब उनके साथ माही भी गांव आए थे। इसके बाद वर्ष 2011 में धोनी के माता पिता भतीजे की शादी पर अपने गांव आए थे। लेकिन माही उनके साथ नहीं आए। धोनी का जनेऊ ल्वाली में हुआ था। उनके पिता पान सिंह धोनी ने हमेशा उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहने की सीख दी। जैंती। प्रधान दिनेश सिंह धौनी के अनुसार ल्वाली ग्राम पंचायत में कुल 60 परिवार थे। जिसमें से 25 परिवार सिर्फ धोनी लोगों के हैं। पलायन के चलते गांव से करीब 10 से अधिक परिवार पलायन भी कर चुके हैं। गांव की एक मात्र सिंचाई नहर काफी लंबे समय से बंद है। प्रधान ने कहा कि उनके गांव में आधुनिक सुविधाएं होंगी तो पलायन भी रुकेगा। 2011 में तत्कालीन सीएम ने धोनी के पैतृक गांव ल्वाली में खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की थी लेकिन आज तक स्टेडियम नहीं बन पाया है। गांव के बच्चे खेतों में क्रिकेट खेलते हैं।







# सड़कें नहीं बनी हैं..तो इसलिए बेटी जीवा को गांव नहीं लाए!

## पहली बार ससुराल आई बहू साक्षी ने खरीदी मिठाई,धोनी चचेरे भाई के घर पर चाय पीने पहुंचे

अल्मोड़ा। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की पत्नी साक्षी धोनी शादी के 12 साल बाद पहली बार अपने ससुराल ल्वाली पहुंचीं। इस दौरान माही के साथ परिणय सूत्र में बंधकर दांपत्य जीवन की शुरूआत की। शादी के 12 साल बाद बुधवार को साक्षी पति माही के साथ पहली बार ससुराल पहुंची। साक्षी भली भांति परिचित थे। दोनों को गड्ढों भरी सड़कों से सफर करना पड़ा। ग्राम प्रधान दिनेश धोनी ने बताया कि सफर के दौरान होने वाली दिक्कतों के चलते माही और नौले का शीतल जल पीकर प्यास बुझाई। ल्वाली के हयात सिंह धोनी ने बहु साक्षी को 1100 रुपये का टीका लगाया। ससुराल में पहली बार पहुंची साक्षी अपने





साक्षी की एक झलक पाने के लिए गांव की महिलाएं बेताब नजर आईं। साक्षी ने चचेरी तहेरी सास, जेठानी आदि के पैर छूकर आशीर्वाद लिया और हम उम्र की महिलाओं को गले लगाया। देहरादून निवासी साक्षी ने चार जुलाई 2010 को ने गांव की महिलाओं के साथ हिंदी में आत्मीयता के साथ बात की। उनकी दिनचर्या के बारे में पूछा। महिलाओं ने भी साक्षी से खुलकर बात की। साक्षी भले ही पहली बार ससुराल आई लेकिन उनके पति माही पहाड़ की बदहाल सड़कों से साक्षी अपनी बिटिया जीवा को अपने साथ पैतृक गांव ल्वाली नहीं लाए। पहली बार ससुराल पहुंची साक्षी गांव के प्राकृतिक सौंदर्य से अभिभूत नजर आईं। ग्राम प्रधान दिनेश धोनी ने बताया कि साक्षी महिलाओं के साथ गांव का नौला देखने भी गईं। उन्होंने प्रति प्यार देखकर अभिभूत नजर आई। उन्होंने परिजनों से वादा किया कि समय मिलने पर वह दोबारा जरूर गांव आएंगी। ससुराल जाते समय साक्षी ने अल्मोड़ा-जैती मार्ग पर स्थित चायखान के पास वाहन रुकवाया और मिठाई भी खरीदी।

## गांव के लोगों से पहाड़ी में ही बोलकर जीता लिया दिल


अल्मोड़ा। दुनिया के सबसे सफलतम कप्तान एवं मशहूर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी को अपने गांव में देखकर लोगों के खुशी का ठिकाना नहीं रहा। फर्राटेदार अंग्रेजी बोलने वाले माही ने मातृभाषा कुमाऊंनी में लोगों से बातचीत कर सबका दिल जीत लिया। माही दो दशक बाद अपने पैतृक गांव ल्वाली पहुंचे। आसपास के गांवों से भी लोग उन्हें देखने के लिए पहुंच गए। माही सादगी से लोगों से मिले और गांव के लोगों से कुमाऊंनी में ही बात की। धोनी ने आमा, बुबूओं और अपने से बड़ों के पांव छूकर सभी को पैलाग कहकर उनका अभिवादन किया। आमा कुशल कसि छू, स्वास्थ्य ठीक छू... कहकर उनका हालचाल जाना। धोनी को ठेठ कुमाऊंनी भाषा में बोलते लोग दंग रह गए। मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद माही पत्नी साक्षी के साथ अपने चचेरे भाई चंदन सिंह धोनी के आवास पर पहुंचे। वहां भाई के परिवार का हालचाल जाना। इसके बाद उनके घर में चाय पी और उनके पुरानी यादों को साझा किया। कैप्टन कूल धोनी के पैतृक गांव आने के बारे में किसी को भी सटीक जानकारी नहीं थी। लोग एक दूसरे को फोन घनघनाते रहे। स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन के अधिकारियों को भी धोनी के आने की भनक नहीं लगी। धोनी के गांव पहुंचने के एक घंटे बाद बाद स्थानीय पुलिस गांव पहुंची। लमगड़ा थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के नेतृत्व में पुलिस गांव में तैनात रही।

# रुद्रपुर में भी गहराने लगा 'सांसों पर संकट'

## एयर क्वालिटी इंडेक्स में रुद्रपुर की लंबी छलांग, गत वर्ष की तुलना में रुद्रपुर के एक्यूआई में 15 अंकों की वृद्धि

-अर्श-

रूद्रपुर। देवभूमि उत्तराखंड की आबोहवा सामान्यतया जीवन दायिनी मानी जाती है। यह उत्तराखंड की स्वच्छ मनमोहन एवं स्वास्थ्यवर्धक प्राकृतिक छटा का ही कमाल है कि आमतौर पर जब चिकित्सक द्वारा किसी रोगी को स्वस्थ प्राकृतिक वातावरण में स्वास्थ्य लाभ लेने की सलाह दी जाती है, तो अमूमन लोग उत्तराखंड के पर्वतीय अंचलों को ही प्राथमिकता देते हैं। मगर पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी हालिया एक आंकड़ों को देखकर तो ऐसा लगता है ,जैसे उत्तराखंड की आबोहवाअब अधिक दिनों तक जीवन दायिनी नहीं रहने वाली और यदि वायु प्रदूषण इसी प्रकार बढ़ता रहा,तो आगामी कुछ वर्षों के भीतर राज्य वासियों की सांसों पर संकट मंडराना लगभग तय है।वह इसलिए, क्योंकि उत्तराखंड के तकरीबन सभी प्रमुख शहरों में वायु प्रदूषण ,एयर क्वालिटी इंडेक्स के निर्धारित मानकों की तुलना में चेतावनी के स्तर के ऊपर लगातार बना हुआ है। हैरत की बात तो यह है कि बीते सप्ताह नैनीताल, ऋषिकेश ,टिहरी आदि शहरों का एक्यूआई भी चेतावनी के स्तर से कई अंक ऊपर पहुंच गया। बताना होगा कि सूबे में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी, फेस्टिव सीजन में होने वाले वायु प्रदूषण का आकलन करने के लिए प्रदूषण मापन की व्यवस्था, उत्तराखंड के तकरीबन हर बड़े शहर में की थी। जिसके बड़े ही चिंताजनक परिणाम सामने आए हैं। प्रदूषण मापन के आंकड़े बताते हैं कि अब उत्तराखंड की हरी भरी वादियां भी वायु प्रदूषण से अछूती नहीं रही और अब यह धारणा कमजोर हो रही है कि उत्तराखंड के पर्वतीय अंचलों में थोड़े बहुत प्रदूषण का कोई खास असर नहीं पड़ता तथा यहां की वादियां प्रदूषित वायु का शोधन करने में सक्षम




है ।प्रदूषण मापन के बाद एक्यूआई के नतीजे निष्कर्ष तथ्य को बड़ी ही स्पष्टता से रेखांकित करते हैं कि अगर उत्तराखंड के वायुमंडल में इसी प्रकार प्रदूषण उड़ेला जाता रहा ,तो आने वाले समय में देवभूमि को इसके अंजाम भुगतने पड़ेंगे और दिल्ली सहित देश के अन्य महानगरों की तरह उत्तराखंड राज्य के भीतर भी, रहवासियों की सांसों पर संकट आहिस्ता आहिस्ता गहराता चला जाएगा। हालांकि राज्य के पर्वतीय क्षेत्र में वायु प्रदूषण उतना अधिक नहीं है ,जितना कि सूबे की राजधानी देहरादून, काशीपुर, हरिद्वार और रुद्रपुर में है। बात अगर रुद्रपुर नगर की करें ,तो रुद्रपुर नगर में पिछले वर्ष 24 अक्टूबर को एक्यूआई का स्तर 240 था ,जो कि बीते सप्ताह उछलकर 255 पर पहुंच गया। इसी प्रकार पिछले वर्ष की दीपावली अर्थात 24 अक्टूबर को देहरादून का एक्यूआई स्तर 247, ऋषिकेश का 236 ,हरिद्वार का 230 ,काशीपुर का 249 तथा हल्द्वानी का एक्यूआई 227 अर्थात खतरनाक स्तर 300 के काफी नीचे था। मगर इस दीपावली अर्थात पिछले सप्ताह उत्तराखंड के तकरीबन सभी प्रमुख नगरों में एक्यूआई का स्तर चेतावनी के स्तर से ऊपर और राजधानी देहरादून में तो यह खतरनाक स्तर से ऊपर पहुंच गया ।राजधानी स्थित घंटाघर में 10 से 12 नवंबर के बीच एक्यूआई स्तर खतरनाक अर्थात 300 के स्तर से ऊपर 333 ,दून विश्वविद्यालय में 272 तथा सबसे अधिक नेहरू कॉलोनी में 349 दर्ज किया गया। इसी प्रकार ऋषिकेश नगर निगम कार्यालय के पास 196, टिहरी नगर पालिका के पास 194, हरिद्वार के आयुर्वेदिक अस्पताल के पास 231, काशीपुर के राजकीय चिकित्सालय के पास 268, हल्द्वानी में जल संस्थान के पास 223 तथा रुद्रपुर में जवाहरलाल नेहरू राजकीय चिकित्सालय के पास एयर क्वालिटी इंडेक्स 255 दर्ज किया गया ।जहां तक सरोवर नगरी नैनीताल का प्रश्न है ?तो सरोवर नगरी में 5 से 7 नवंबर के बीच एयर क्वालिटी इंडेक्स 60 से 70 के बीच था जो की 10 नवंबर को चेतावनी के स्तर 100 से ऊपर 102 तथा 11 नवंबर को 104 और 12 नवंबर यानि दीपावली को उछलकर 143 पर जा पहुंचा।

# मेयर ने गोवा से पदक जीतकर लौटे खिलाड़ियों का किया स्वागत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में पद जीतकर लौटे पेंचक सिलाट के खिलाड़ियों को मेयर रामपाल सिंह ने अपने आवास पर सम्मानित किया और उनका हौंसला बढ़ाया। बता दें गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में शहर के



पेंचक सिलाट खिलाड़ी निखिल भारती ने स्वर्ण पदक, गायत्री नेगी, कीर्ति गोसाईं , इंशु भारती एवं अभिषेक वर्मा ने कांस्य पदक अर्जित कर शहर और जनपद का नाम रोशन किया है। पदक जीतकर लौटे सभी खिलाड़ियों का मेयर रामपाल ने अपने आवास पर स्वागत करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मेयर रामपाल सिंह ने पदक विजेता खिलाड़ियों और उनके परिवारजनों को बधाई दी। साथ ही खिलाड़ियों के कोच बबलू दिवाकर को भी इस उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल ने कहा कि रुद्रपुर के इन खिलाड़ियों ने देश की सबसे बड़े खेल प्रतियोगिता में पहुँच कर शहर के साथ साथ उत्तराखंड को भी गौरवान्वित किया है। जिले की खेल प्रतिभाएं लगाकर खेलों में अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे खिलाड़ियों से युवाओं को प्रेरणा मिल रही है। मेयर रामपाल ने कहा कि जिस प्रकार व्यत्क्ति के मानसिक विकास के लिए शिक्षा का महत्व है उसी प्रकार व्यक्ति के शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण है। खेलों से तन और मन दोनों ही स्वस्थ रहते हैं तथा मानव में धैर्य, सहनशीलता एवं मानवीय गुणों का विकास होता है। खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है। स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। खेल हमारे शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं। खेल तनाव को दूर करने का भी बेहतर माध्यम है। जिस तरह दिमाग के सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है, उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण हैं। शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते, लेकिन खेल से यह संभव है। अभिभावकों को अपने स्तर से बच्चों को खेल से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। आज पढ़ाई के साथ साथ खेलों को महत्व देना जरूरी हो गया है। भाजपा सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए विशेष रूप प्रयास कर रही है। जिसके सार्थक परिणाम सामने आ रहे हैं। खेल प्रतिभायें लगातार प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रही हैं। इस अवसर पर आदेश ठाकुर पूर्व जिला अध्यक्ष भारतीय युवा मोर्चा,जिला महामंत्री युवा मोर्चा बिट्टू चौहान उपस्थित रहे।

# बंगाली समाज में मां काली पूजा का विशेष महत्वः चुघ





रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप में सार्वजनिक श्री श्री काली पूजा एवंम दीपावली महोत्सव विधि विधान से मनाया गया। इस मौके पर मां काली की धार्मिक अनुष्ठानों के साथ पूजा अर्चना की गई। साथ ही कई रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। पूजा कमेटी द्वारा आयोजित काली पूजा व संस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी भारत भूषण चुघ, विशिष्ट अतिथि ओमियों कुमार विश्वास, प्रभाष स्वर्णकार, परिमल राय ने सयुंक्त रूप से फीता काटकर किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को पूजा कमेटी के अध्यक्ष धीरज दास व उनकी टीम ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। श्री चुघ ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बंगाली समाज में मां काली की पूजा को विशेष महत्व दिया जाता है। मां काली सबकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। उन्होंने कलाकारों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना करते हुए आयोजकों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम मे स्थानीय कलाकार परिंदे बैंड द्वारा सुन्दर सुन्दर गाने की प्रस्तुति दी गयी। बच्चों ने ग्रुप में बांग्ला गीतों वा लूंगी डांस पर आकर्षण प्रस्तुति दी। जिसे दर्शकों द्वारा खूब सराहा गया। इस दौरान स्थानीय कलाकार महेश राय द्वारा कई फिल्मी गीत सुनाए गए व कई फिल्मी कलाकारों की मिमिक्री करके दर्शकों को हंसने पर लोटपोट कर दिया। कार्यक्रम में सुबीर दास, शुभम दास, शुभम स्वर्णकार, विश्वजीत मंडल, सुमित मंडल, अभिषेक राय, सुमित बर्मन, राज चक्रवर्ती आदि मौजूद थे।

# नाले से हो रहे कटान क्षेत्र का शुक्ला ने किया निरीक्षण

किच्छा(उद संवाददाता)।ग्राम कनकपुर गोपालनगर कॉलोनी के साथ बहने वाले नाले में हो रहे कटान से प्रभावित क्षेत्र का पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा



व तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। बताते चलें कि बीते दिनों आई आपदा में लालपुर नगला मार्ग से गोपालनगर कॉलोनी को जाने वाले संपर्क मार्ग बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, बरसात में नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही किनारे पर बने काली मंदिर का एक कोना कटान की जद में आने की आशंका से गोपालनगरवासियों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का घेराव कर पक्की पिचिंग कराने की मांग की थी, जिसपर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा एवं तहसीलदार गिरीश त्रिपाठी के साथ उक्त कटान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उपस्थित अधिकारियों को कहा कि दैवीय आपदा मद से उक्त मार्ग एवं मंदिर के साथ ही पक्की पीचिंग एवं आबादी के साथ बहने वाले नाले की तली झाड़ कार्य करने के लिए तत्काल कार्रवाई करें। उपजिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने कहा कि गोपालनगर कॉलोनी के साथ बहने वाले नहर की तली झाड़ एवं संपर्क मार्ग के साथ बहने वाली नदी के दक्षिण तरफ पक्की पिचिंग का प्रस्ताव भेजकर अतिशीघ्र कार्यवाही की जाएगी।इस दौरान किसान मोर्चा मंडल महामंत्री प्रवीण छाबड़ा, ग्रामीण मंडल मंत्री अमित मदान, कमल बैरागी, बसंत मिर्धा, विक्की सरकार, बिट्टू छाबड़ा, अमित मदान, संजय कुमार, संजय बाला, रंजीत बाला, विवेक विश्वास, किशन कुमार ग्रामवासी उपस्थित थे।

# मेडल जीतकर लौटे खिलाड़ियों को किया सम्मानित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। 26 अक्तूबर से 09 नवंबर तक गोवा में संपन्न हुये 37वे राष्ट्रीय खेलों में पेंचक सिलाट के 7 महिला एवं पुरुष खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण और 3 कांस्य पदक उत्तराखण्ड प्रदेश को दिलाए। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को अपने आवास पर सम्मानित किया।



उत्तराखण्ड प्रदेश पेंचक सिलाट टीम कोच हेमंत सिंह खनायत ने बताया की उत्तराखण्ड प्रदेश से 25 विभिन्न खेलों के 174 खिलाड़ियों ने प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया । गोवा राष्ट्रीय खेलों में पूरे भारतवर्ष से 10000 से ज्यादा खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया । गोवा राष्ट्रीय खेलों से लौटकर रुद्रपुर वापस आने पर खिलाड़ियों के कोच और पेंचक सिलाट संघ के महासचिव बबल्लू दिवाकर और सभीं विजेता खिलाड़ियों को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने आवास पर सम्मानित किया और पेंचक सिलाट संघ उत्तराखंड के पदाधिकारियों और खिलाड़ियों को आगामी उत्तराखंड मैं होने वाले 38वे राष्ट्रीय खेलों मैं पेंचक सिलाट खेल को शामिल करवाने हेतू अपना पुर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया। यह अवसर पहली बार था जब गोवा राष्ट्रीय खेलों में पेंचक सिलाट खेल को शामिल किया गया। उत्तराखण्ड के पेंचक सिलाट खेल के पदक विजेता खिलाड़ी निखिल भारती स्वर्ण पदक एवं कांस्य पदक, इशू भारती कांस्य पदक, गायत्री नेगी कांस्य पदक, अभिषेक वर्मा कांस्य पदक, कीर्ति गोसाईं कांस्य पदक खिलाड़ी को पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने सम्मानित कर शुभकामनाए दी एवं भविष्य में हर सम्भव सहयोग करने को आश्वस्त किया।

# मानव जीवन का लक्ष्य भोग नहीं भजन है: शास्त्री

गदरपुर(उद संवाददाता)। श्री सनातन धर्म मंदिर बुध बाजार में कार्तिक मास के उपलक्ष में चल रही कथा के 20वें दिन की कथा करते हुए कथावाचक पंडित विजय कुमार शास्त्री ने बताया कि मानव जीवन तपस्या के लिए है, जो तप नहीं करता उसका पतन होता है। शरीर को सादगी मय रखो यह एक मुट्ठी भर भस्म है, मानव जीवन का लक्ष्य भोग नहीं भजन है, ईश्वर भजन है हर चीज में ईश्वर की भावना जागे इसलिए सत्संग की जरुरत है। प्रभात फेरी श्री सनातन धर्म सभा के संरक्षक हरिचन्द मुरादिया एवं राजकुमार मुरादिया के निवास स्थान पर गई ।प्रसाद की सेवा कश्मीर लाल गगनेजा के सपुत्रों विपुल गगनेजा एवं अंकित गगनेजा के परिवार द्वारा दी गई।





# अति पिछड़े वर्ग के विकास के लिए सरकार गंभीर:जोशी







सिसौना/सितारगंज(उद संवाददाता)। प्रदेश के कृषि, सैनिक कल्याण एवम जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने न्यायपंचत सिसौना पहुंच कर जनजाति गौरव दिवस, विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।प्रभारी मंत्री ने भाई दूज की बधाई देते हुए कहा कि अति पिछड़े वर्ग को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए हमारी सरकार समूहों के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने झारखंड से 'जनजाति गौरव दिवस' विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है जो देश गांव - गांव में रथ के माध्यम से लोगों को विभिन्न योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि हमने संकल्प लिया है कि लोगों को पात्रता की श्रेणी में लाते हुए उसे विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज उधमसिंह नगर के अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र सिसौना व तुर्का तिसौर से इसका शुभारंभ किया गया है। उन्होने कहा कि यात्रा का उद्देश्य जनकल्याणकारी योजनाओं की संतृप्ति में तेजी लाना एवं सभी पात्र लाभार्थियों को लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि किसान भाइयों के लिए किसान निधि, उज्जवला योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास आदि अनेकों जन कल्याणकारी योजनाओं से जनता को लाभान्वित किया जा रहा है। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, मत्स्य पालन, कुकुट पालन आदि योजनाओं से लाभान्वित लाभार्थियों द्वारा अपने आय में वृद्धि के बारे में लोगो को जानकारी साझा किया गया। योजनाओं से लाभान्वित होने व अपने लाभ के बारे में जानकारी देने पर महिलाओं को प्रभारी मंत्री ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

**उत्तरांचल दर्पण**
**सम्पादकीय** सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बस चालकों की लापरवाही

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में हुए बस हादसे से एक बार फिर यही साफ हुआ है कि बार-बार होने वाले ऐसी घटनाओं के बावजूद न तो सरकार की ओर से सुरक्षा इंतजामों को लेकर जरूरी गंभीरता दिखाई जाती है, न वाहन चालकों को यह ध्यान रखने की जरूरत लगती है कि उनकी मामूली लापरवाही का अंजाम क्या हो सकता है। बुधवार को किश्तवाड़ से जम्मू की ओर जा रही एक बस अनियंत्रित होकर करीब तीन सौ फुट गहरी खाई में जा गिरी। इस हादसे में कम से कम छत्तीस लोगों की मौत हो गई और उन्नीस बुरी तरह घायल हो गए। यह पिछले कुछ समय में हुए बड़े हादसों में से एक है, जो बताता है कि तमाम संसाधनों और विकासात्मक गतिविधियों के बावजूद सड़क सुरक्षा को लेकर अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। शुरुआती जांच में पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त सड़क पर तीन बसें एक साथ चल रही थीं। आगे निकलने की होड़ में एक बस अनियंत्रित हो गई और खाई में जा गिरी। हैरानी की बात यह है कि पहाड़ों की ऊंचाई में बनी सड़कों पर चलने के बावजूद चालक को पल भर के लिए भी यह नहीं लगा कि उसकी सबसे मामूली चूक का हश्र क्या हो सकता है। सवाल है कि अगर होड़ लगाने की वजह से ही यह हादसा हुआ तो ऐसे इलाके में वाहन चलाते हुए किसी भी चालक को इस तरह की आपराधिक लापरवाही बरतने से रोकने के लिए क्या प्रशासन की ओर से कोई इंतजाम नहीं है? निश्चित रूप से जोखिम से भरी किसी भी सड़क पर वाहनों के बीच आगे निकलने की होड़ लगाने जैसी लापरवाही के लिए शून्य सहनशीलता की नीति होनी चाहिए। इसके लिए वाहन चालकों के प्रति जिस हद तक सख्त नियम लागू करने पड़ें, किए जाने चाहिए। लेकिन किसी अन्य वजह से भी अगर कोई बस अनियंत्रित हो जाती है तो सड़क किनारे ऐसे मजबूत सुरक्षा घेरे क्यों नहीं लगाए जा सकते, जो हादसे के ज्यादा गंभीर रूप लेने से रोकने में मददगार साबित हों? यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि पहाड़ी राज्यों में आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं और ऐसी हर घटना के बाद पीड़ितों के लिए मुआवजे की घोषणा होती है, इन इलाकों में सुरक्षा इंतजामों को लेकर कुछ दिन चर्चा होती है, मगर ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ कोई सक्रियता नहीं दिखती। किसी भी हादसे का सबक यह होना चाहिए कि ऐसे इंतजाम किए जाएं, नियमों को जमीनी स्तर पर लागू करने को लेकर ऐसी सख्ती हो, ताकि भविष्य में वैसा फिर न हो। मगर आए दिन होने वाले त्रासद हादसे हर स्तर पर बरती जाने वाली उदासीनता को ही दर्शाते हैं। अव्वल तो किसी भी हाल में निर्धारित गति से ज्यादा तेज रफ्तार से वाहन चलाने या आगे निकलने की होड़ लगाने से रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, पर्वतीय क्षेत्र की हर सड़क के किनारे क्रैश बैरिअर, पैराफिट लगाने सहित अन्य सभी सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। पर्वतीय मार्गों पर कई जगहों पर अचानक आने वाले ऐसे मोड़ होते हैं, जहां अतिरिक्त सावधानी नहीं बरती जाए तो उसका नतीजा भयावह हो सकता है। ऐसे अप्रत्याशित हादसों को रोकने के लिए जोखिम वाली हर सड़क के किनारे क्रैश बैरिअर लगाए जाने की बातें आज भी आधी-अधूरी हैं। इसके अलावा, सड़क सुरक्षा के तहत पैराफिट लगाना, साइन बोर्ड के जरिए गति नियंत्रण से लेकर हर तरह की चेतावनी देना जैसे काम भी अगर पूरी तरह कर सुनिश्चित कर दिए जाएं, तो हादसों की संख्या और उनमें लोगों के मरने की आशंका को काफी कम किया जा सकता है।

# भूटान की देहरी पर चीन

भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक ने इसी माह बीते दिनों आठ दिन की यात्रा की है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर से बातचीत की। भूटान और चीन के बीच सीमा विवाद को लेकर चल रही वार्ता और भूटान के चीन के प्रति बदलते नरम रूख के चलते इस यात्रा को अत्यंत अहम् माना जा रहा है। क्योंकि कुछ समय पहले ही भूटान के विदेश मंत्री टांडी दोरजी ने चीन की राजधानी बीजिंग की यात्रा की थी। 23 अक्टूबर 2023 को दोरजी के साथ चीनी विदेश मंत्री वांग यी और इसके अगले दिन चीन के राष्ट्रपति हान झेंग से मुलाकात की थी। के साथ सीमा विवाद सुलझाने की बातचीत हुई थी। इसके पहले अक्टूबर-2021 में चीन और भूटान ने 'थ्री-स्टेप रोडमैप' के समझौते पर दस्तखत किए थे। तभी से भारत भूटान को लेकर चिंतित है, क्योंकि भारत को लग रहा है कि चीन भूटान की देहरी तक आने की कोशिश में लगा है। दोरजी की चीन यात्रा के बाद हुई बातचीत के जो संकेत मिले थे, वे भारत के लिए स्वाभाविक रूप से चिंताजनक थे। इस समय वांग यी ने भूटान से चीन के साथ कुटनीतिक संबंध स्थापित करने और दोनों देशों के बीच सीमा संबंधी मुद्दे यथाशीघ्र सुलझाने का आग्रह किया था। नतीजतन दोनों पड़ोसी देशों के बीच संबंधों को कानूनी रूप दिया जा सके। दरअसल अभी तक इन देशों ने परस्पर राजनयिक संबंध स्थापित नहीं किए हैं। यदि दोनों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित हो जाते हैं तो चीन और भूटान एक साथ समान दिशा में काम करने, ऐतिहासिक अवसर का लाभ उठाने के लिए परस्पर प्रतिबद्ध हो जाएंगे। भविष्य में ऐसा संभव हो जाता है तो चीन-भूटान के बीच मैत्रीपूर्ण रिश्ते कानूनी रूप ले लेंगे। इस बातचीत के बाद चीनी विदेश मंत्री वांग यी का कहना था कि भूटान 'एक चीन सिद्धांत' का मजबूती से समर्थन करता है। इसका अर्थ है कि ताइवान और तिब्बत चीन के हिस्से हैं और भूटान चीन से जुड़े सीमा मुद्दे को सुलझाने के उद्देश्य से समाधान की दिशा में आगे बढ़ेगा। चीन ने अपने 12 अन्य पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद सुलझा लिया है, लेकिन भारत और भूटान दो ऐसे देश हैं, जिन्होंने बीजिंग के साथ सीमा समझौतों पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भूटान नरेश जिग्मे खेसर के बीच हुई बातचीत से साफ है, कि अब भूटान एकाएक चीन से बहुत गहरे संबंध स्थापित नहीं करेगा ? बातचीत के बाद आए संयुक्त बयान से पता चलता है कि भारत भूटान को असम से जोड़ने वाले कोकराझार-गेलेफू रेल लिंक का सर्वेक्षण पूरा करने के साथ एक अन्य रेल लिंक के जरिए भूटान-बांग्लादेश व्यापार को आसान बनाने और भारत-भूटान सीमा पर चौक नाकों को उन्नत बनाने की बात आगे बढ़ी है। ये योजनाएं उस भविश्य की सूचनाएं देती हैं, जिससे इस क्षेत्र में पश्चिम बंगाल, पूर्वोत्तर और भूटान का दक्षिणी व पूर्वी जोंगखा जिला शामिल हैं। विकास की ये परियोजनाएं जमीन पर उतरती हैं तो दोनों देशों के बीच चीन को लेकर जो शंकाएं पैदा हुई हैं, उन पर विराम लग सकता है। इसमें चीन और भूटान के बीच राजनयिक संबंध न बन पाएं यह मुख्य बिंदु है। भारत और भूटान दोनों का चीन के साथ सीमा विवाद है। चीन और भूटान की 600 किमी की सीमा जुड़ी है। इसमें सबसे ज्यादा गंभीर मामला डोकलाम का है, जहां चीन, भारत और भूटान इन तीनों देशों से सीमा जुड़ती है। भारत-डोकलाम को लेकर अत्यंत सर्तक है, क्योंकि यह संवेदनशील सिलीगुड़ी गलियारा (चिकननेक) के साथ जुड़ा हुआ है। यही गलियारा भारत को उत्तर-पूर्व क्षेत्र से जोड़ता है। चीन ने भूटान को डोकलाम में भूमि परिवर्तन यानी जमीन की अदला-बदली का प्रस्ताव दिया है। भारत इस प्रस्ताव से सशंकित है। क्योंकि इस बदलाव के बाद चीन का इस गलियारे तक पहुंचना तो आसान तो हो ही जाएगा, भारत के लिए एक खतरा भी उत्पन्न हो जाएगा। हालांकि भारत और भूटान के बीच 1949 में एक संधि हुई है, जिसके अंतर्गत भूटान की विदेश नीति, व्यापार और सुरक्षा गारंटी भारत के पास है। 2007 तक विदेश नीति भी भारत के पास थी, इस प्रावधान को अब खत्म कर दिया है। चालाकी बरतते हुए चीन ने विवादित डोकलाम क्षेत्र को नया नाम डोगलांग दे दिया था, जिससे यह क्षेत्र उसकी विरासत का हिस्सा लगे। इस क्षेत्र को लेकर चीन और भूटान के बीच कई दशकों से विवाद जारी है। चीन इस पर अपना मालिकाना हक जताता है, जबकि वास्तव में यह भूटान के स्वामित्व का क्षेत्र है। चीन सड़क के बहाने इस क्षेत्र में स्थाई घुसपैठ की कोशिश में है। जबकि भूटान इसे अपनी संप्रभुता पर हमला मानता रहा है। दरअसल चीन अर्से से इस कवायद में लगा है कि चुंबा घाटी जो कि भूटान और सिक्किम के ठीक मध्य में सिलीगुड़ी की ओर 15 किलोमीटर की चौड़ाई के साथ बढ़ती है, उसका एक बड़ा हिस्सा सड़क निर्माण के बहाने हथिया ले। चीन ने इस मकसद की पूर्ति के लिए भूटान को यह लालच भी दिया था, कि वह डोकलाम पठार का 269 वर्ग किलोमीटर भू-क्षेत्र चीन को दे दे और उसके बदले में भूटान के उत्तर पश्चिमी इलाके में लगभग 500 वर्ग किलोमीटर भूमि ले ले। लेकिन 2001 में जब यह प्रस्ताव चीन ने भूटान को दिया था, तभी वहां के शासक जिग्मे सिग्ये वांगचुक ने भूटान की राष्ट्रीय विधानसभा में यह स्पष्ट कर दिया था कि भूटान को इस तरह का कोई प्रस्ताव मंजूर नहीं है। छोटे से देश की इस दृढ़ता से चीन आहत हो गया था। इसलिए घायल सांप की तरह वह अपनी फुंकार से भारत और भूटान को डस लेने की हरकत में लगा है। भारत और भूटान के बीच 1950 में हुई संधि के मुताबिक भारतीय सेना की एक टुकड़ी भूटान की सेना को प्रशिक्षण देने के लिए, भूटान में हमेशा तैनात रहती है। इसी कारण जब चीन भूटान और सिक्किम सीमा के त्रिकोण पर सड़क निर्माण के कार्य को आगे बढ़ाने का काम करता है, तो भूटान इसे अपनी भौगोलिक अखंडता एवं संप्रभुता में हस्तक्षेप मानकर आपत्ति जताता है। लिहाजा संधि के अनुसार भारतीय सेना का दखल अनिवार्य हो जाता है। किंतु चीन से नजदीकियां बढ़ने के चलते भूटान अब इस विवाद के हल में चीन को भी शामिल करने की बात कर रहा है। गोया, भारत का चिंतित होना स्वाभाविक है। क्योंकि चीन दक्षिण एशिया के कई देशों को भारत के खिलाफ भड़काने में जुटा है। मालदीव के नए राश्ट्रति मोहम्मद मोइज्जू ने इसी साल सितंबर में चुनाव भारत का विरोध करते हुए जीता। इसी तरह श्रीलंका में भी चीन का दबदबा बढ़ा है। कुछ समय पहले श्रीलंका के राश्ट्रति रानिल विक्रमसिंघे चीन में बेल्ट एंड रोड समिट में शामिल होने के लिए बीजिंग गए थे। भारत और अमेरिका के जबरदस्त विरोध के बावजूद चीन के जासूसी जहाज ने राजधानी कोलंबो के निकट समुद्र में डेरा जमा लिया है। चीन के ये सभी हथकंडे भारत को परेशान करने वाले हैं। अतएव भूटान को भी चीन यदि अपने पक्ष में कर लेता है तो भारत का एक और पड़ोसी देश बेगाना हो जाएगा।

-प्रमोद भार्गव, लेखक/पत्रकार

# बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली ऊखीमठ के लिए रवाना

रुद्रप्रयाग। परंपरानुसार भैयादूज के पावन पर्व पर भगवान आशुतोष के द्वादश ज्योतिर्लिंगों में एक केदारनाथ धाम के कपाट वृश्चिक लग्न और ज्येष्ठा नक्षत्र में सुबह 8.30 बजे बंद शीतकाल के लिए विधि-विधान के साथ बंद कर दिए गए हैं। धाम में करीब आधा फीट जमा बर्फ के बीच 2500 से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। कपाट बंद होने के उपरांत बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली अपने धाम से शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ के लिए प्रस्थान कर पहले रात्रि प्रवास पर रामपुर पहुंच गई है। 17 नवंबर को बाबा केदार की चल उत्सव विग्रह डोली छह माह की शीतकालीन पूजा-अर्चना के लिए पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान हो जाएगी। जहां पर सभी तैयारियां पूरी कर दी गई हैं। बुधवार को सुबह 4 बजे से ही केदारनाथ में बाबा केदार की विशेष पूजा-अर्चना शुरू हो गई थी। केदारनाथ के रावल भीमाशंकर लिंग की मौजूदगी में मुख्य पुजारी शिव लिंग ने मंदिर के गर्भगृह में भगवान केदारनाथ के स्वयंभू लिंग का श्रृंगार कर शुष्क पुष्प, ब्रह्मकमल, कुमजा और भष्म से समाधि रूप दिया गया। साथ ही अन्य धार्मिक परंपराओं का निर्वहन किया गया। इस अवसर पर बीकेटीसी के पदाधिकारी और तीर्थपुरोहित मौजूद थे। सुबह 6.30 बजे मंदिर के गर्भगृह में समाधि पूजन संपन्न होने के बाद सभामंडप में स्थित अन्य छोटे मंदिरों को बंद किया गया। इसके बाद वृश्चिक लग्न व ज्येष्ठा नक्षत्र में केदारनाथ मंदिर के दक्षिण द्वार और उसके बाद पूरब द्वार को बंद किया गया। इस अवसर पर सेना की भक्तिमय बैंडधुनों और भक्तों के जयकारों से केदारपुरी बाबा केदार के जयकारों से गूंज उठी। साथ ही केदारनाथ मंदिर की परिक्रमा करते हुए भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली ने धाम से अपने शीतकालीन गद्दीस्थल पंचकेदार गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर के लिए प्रस्थान किया। सेना की बैंड धुनों के साथ बाबा केदार की चल उत्सवह विग्रह डोली रुद्रा प्वाइंट, लिनचोली, रामबाड़ा, भीमबली, जंगलचट्टी होते हुए गौरीकुंड पहुंची। जहां पर भक्तों ने डोली का भव्य स्वागत किया। यहां से डोली सोनप्रयाग होते हुए अपने पहले रात्रि पड़ाव रामपुर पहुंची। बीकेटीसी के मीडिया प्रभारी डा. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि 16 नवंबर को डोली विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी में प्रवास करेगी। जबकि 17 नवंबर को भगवान केदारनाथ छह माह की शीतकालीन पूजा-अर्चना के लिए शीतकालीन गद्दीस्थल ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ में विराजमान हो जाएंगे।

# देहरादून में हुए ज्वैलर्स लूट काण्ड में बिहार से दो बदमाश गिरफ्तार

देहरादून (उद संवाददाता)। रिलायंस ज्वेल्स में नौ नवम्बर को हुई करोड़ों की लूट के मामले में दून पुलिस ने बदमाशों को फंडिंग, मोबाइल, वाहन सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने वाले गैंग के दो सदस्यों को बिहार से गिरफ्तार कर लिया है। दून पुलिस की अलग-अलग टीमें मध्यप्रदेश, बिहार में ताबड़तोड़ दबिश दे रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होने की उम्मीद जताई जा रही है। बता दें राज्य स्थापना दिवस पर राष्ट्रपति की दून में मौजूदगी के दौरान हथियार बंद बदमाशों ने राजपुर रोड स्थित रिलायंस के ज्वेलरी शो-रूम में लूट की घटना को अंजाम दिया था। बदमाश यहां से करीब 14 करोड़ के ज्वेलरी लेकर फरार हो गए थे। घटना के दिन से ही दून पुलिस लगातार बदमाशों की धरपकड़ में जुटी है। दून पुलिस की विभिन्न टीमें बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल सहित विभिन्न राज्यों में डेरा डाले हुए है और लगातार बदमाशों की धरपकड़ के लिए दबिश दे रही है। मामले में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बिहार से दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इनमें से एक अमृत ने लूट में शामिल बदमाशों को फंडिंग की थी। जबकि गिरफ्तार दूसरे आरोपी विशाल कुमार ने बदमाशों को कपडे, वाहन, टोपी, मोबाइल, वर्चुअल फोन उपलब्ध कराए थे। गिरफ्तार अमृत का कनेक्शन अंबाला में गिरफ्तार आरोपी रोहित जो पश्चिम बंगाल में लूट की घटना में शामिल था उसके साथ मिला था। पुलिस अब न्यायालय से ट्रांजिट रिमांड लेकर पूछताछ के लिए दोनों आरोपियों को दून लेकर आएगी। सुबोध गिरोह लूट की घटनाओं को बड़े शातिराना तरीके से अंजाम देता है। गिरोह के सदस्य घटना में वर्चुअल फोन और पोर्टेबल सिग्नल जैमर का इस्तेमाल करते हैं। जैमर के कारण घटना स्थल के आसपास फोन काम नहीं करते हैं। जबकि वर्चुअल फोन के माध्यम से गैंग के सदस्यों का लोकेशन ट्रेस कर पाना मुश्किल हो जाता है। बिहार से गिरफ्तार विशाल यह सामान गैंग के सदस्यों को उपलब्ध करवाता था। कटनी (मध्य प्रदेश) तथा सांगली (वेस्ट बंगाल) की घटनाओं में भी आरोपियों ने पोर्टेबल सिग्नल जैमर का इस्तेमाल किया था।

## उत्तरकाशी में भूकंप से फिर डोली धरती

उत्तरकाशी(उद संवाददाता)।भूकंप के तीव्र झटके से बुधवार देर रात करीब 2.02 बजे पूरे उत्तरकाशी जनपद में भूकंप के झटके महसूस किए गए। आसपास के क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके से धरती कांप गई। जिला मुख्यालय सहित चिन्यालीसौड़ सिलक्यारा ब्रह्मखाल क्षेत्र मे लोग घरों से बाहर निकल गए। इस बीच कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.1 मापी गई। वहीं, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल ने कहा कि सभी तहसील क्षेत्र से भूकंप से संबंधित जानकारी ली जा रही है। फिलहाल जनपद में नुकसान की कोई सूचना नहीं है। बता दें कि इससे पहले जनपद उत्तरकाशी में 3 नवंबर को तब भूकंप के झटके महसूस किए गए थे जब भूकंप का केंद्र नेपाल में दर्ज किया गया।

# जलाशय में हुई घटना का पुलिस नहीं कर पाई खुलासा

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। 11 दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस नानक सागर जलाशय में हुई घटना का खुलासा करने में नाकाम साबित हो रही है। क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति भारी रोष दिखाई दे रहा है। जानकारी के अनुसार नानकसागर जलाशय में सैलानियों के मनोरंजन के लिए मोटर वोट का संचालन करते आ रहे हैं। देख रेख के लिए तीन कर्मचारी विनीत सिंह राणा, आदित्य राणा, रोहित राणा रखे हैं। नौ नवंबर को तीनों कर्मचारी सो रहे थे। एक बजे हथियार बंद धार धार हथियारों से आ धमके जिन्होंने जमकर तांडव मचाया। कर्मचारियों को बंधक बनाया और तीनों कर्मचारियों को जमकर मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। आदित्य के बाल झुलस गए जिसने पानी में कूद कर अपनी जान बचाई। तेल छिड़ककर तीन मोटर वोट को आग के हवाले कर दिया। बदमाशों ने हवाई फायरिंग भी की। तमंचे के बल से तीनों कर्मचारियों के मोबाइल भी छीनकर ले गए। केबिन के पास खड़ी बाइक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। बदमाश सीसीटीवी कैमरे और डीवीआर भी ले गए। इतनी बड़ी घटनाएं का अभी तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस के उच्चाधिकारियों ने एसओजी टीम को लगाया है लेकिन टीम के हाथ खाली है। अपराधियों को पकड़ने की चुनौती आज भी पुलिस के सामने बनी हुई। पुलिस टीम बदमाशो को पकड़ने मेंनाकाम साबित होती दिखाई दे रही है। क्षेत्रीय लोग पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगा रहे हैं। फिलहाल पुलिस अफसर घटना का खुलासा करने के दंभ भर रहे हैं।



## प्रभात फेरी का किया स्वागत

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व के उपलक्ष्य में निकाली जा रही प्रभात फेरी का बृहस्पतिवार सुबह स्त्री सत्संग सभा की प्रधान बीबी परम जीत कौर पम्मी के निवास पर स्वागत किया गया। इस अवसर पर शब्द कीर्तन व पाठ किया गया। सबके भले के लिए अरदास की गई व लंगर प्रसाद की सेवा की गई। इस अवसर पर धर्मेन्द्र सिंह बठला, जसवीर सिंह सिक्का, हरजीत सिंह ग्रोवर, नरेश कुमार सेठ, प्रभजोत सिंह, नरेन्द्र सिंह, बलबीर सिंह कामरा, हरवीर सिंह, गुरबचन सिंह,अमर सिंह, हरि सिंह ग्रोवर व स्त्री सत्संग सभा की संगत उपस्थित थी। अंत में बीबी परम जीत कौर पम्मी ने आयी हुई सारी संगत का आभार प्रकट किया।

# पीएम ने किया विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ



देहरादून(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर झारखंड से 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' का शुभारंभ किया। सरकार की प्रमुख योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने व उन्हें जागरूक करने के उद्देश्य से शुरू की गई इस यात्रा के माध्यम से पहले जनजातीय व वंचित समुदायों और उसके बाद प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं की संतृप्ति का लक्ष्य रखा गया है। इस संकल्प यात्रा का उद्देश्य सर्वप्रथम उन वंचित लोगों के लिए है जो किसी योजना का लाभ लेने से वंचित रहे हैं। यह यात्रा लोगों के पास जाने, जागरूकता पैदा करने और स्वच्छता सुविधाओं, आवश्यक वित्तीय सेवाओं, बिजली कनेक्शन, एलपीजी सिलेंडर तक पहुँच, गरीबों के लिए आवास, खाद्य सुरक्षा, उचित पोषण, विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छ पेयजल जैसी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करने पर केंद्रित है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पीएम जनमन अभियान का भी शुभारंभ किया। कार्यक्रम में उन्होंने ''प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के तहत 18 हजार करोड़ रूपये की 15वीं किस्त ऑनलाइन माध्यम से पात्र किसानों को ट्रांसफर की। राजभवन देहरादून से इस कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) सहित कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, श्रीमती रेखा आर्या सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के पश्चात राज्यपाल ने देहरादून जनपद हेतु ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह संकल्प यात्रा जनपद के 04 विकासखण्डों के 18 जनजातीय बाहुल्य ग्राम पंचायतों को आच्छादित करेगी। इस यात्रा में जनसाधारण को लाभ पहुँचाने वाली शहरी क्षेत्र के लिए कुल 17 योजनाओं के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जायेगा। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लिए 22 विभागों के माध्यम से संचालित की जाने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी जनसाधारण को दी जायेगी। इस अवसर पर पीएम किसान सम्मान निधि की द्वितीय त्रैमास के लिए 15वीं किस्त प्रदेश के 6.80 लाख किसानों को ट्रांसफर की गई। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ और उन्हें योजनाओं के संबंध में जागरूक करेगी। उन्होंने कहा कि इस जागरूकता वैन के माध्यम से अनुसूचित जाति बाहुल्य पंचायतों के लोग लाभान्वित होंगे और समाज की मुख्यधारा से जुड़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें संकल्प लेना होगा कि इस संकल्प यात्रा के माध्यम से योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ लोगों तक पहुंचे। राज्यपाल ने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि यह योजना पात्र व्यक्ति तक अवश्य पहुंचे और इससे वह लाभान्वित हों। उन्होंने कहा कि आज माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा पीएम जनमन अभियान का भी शुभारंभ किया गया है जो जनजातीय समुदाय के लिए सशक्तिकरण का माध्यम बनेगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अमृत काल में जिन चार स्तंभों-नारी शक्ति, युवा शक्ति, किसान और मध्यम वर्ग का जिक्र किया गया वह विकसित भारत, विश्व गुरु भारत और आत्मनिर्भर भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित योजनाओं से लाभान्वित होने वाले किसानों से भी संवाद कर योजनाओं का फीडबैक दिया। इस कार्यक्रम में सांसद नरेश बंसल, मेयर देहरादून सुनील उनियाल गामा, विधायक मुन्ना सिंह चौहान, विधायक खजान दास, सचिव श्रीमती राधिका झा, अपर सचिव श्रीमती स्वाति एस भदौरिया, रणवीर सिंह चौहान, जिलाधिकारी देहरादून श्रीमती सोनिका, मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## सांस्कृतिक एवं खेल प्रतियोगिताएं आयोजित



गदरपुर(उद संवाददाता)। महुआखेड़ा गंज ।शिक्षण केंद्र खेड़ा महुआ खेड़ा गंज में बाल दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया जिसमें शिक्षण सामुदायिक केंद्र के समाजसेवी द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के चित्र पर दीप प्रज्वलित किया गया सभी शिक्षकों द्वारा, फूल अर्पण किए गए। छात्र-छात्राओं द्वारा नेहरू जी के जन्म दिन पर केक काटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दी गई। मेंटर्स चित्रा ने पंडित नेहरू जी के जीवन काल पर आधारित कविता सुनाई, कक्षा 12 की छात्रा मनीषा ने भी नेहरू जी पर एक कविता प्रस्तुत की मेंटर्स चित्रा ने कहा पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के जीवन से हमें एक अच्छी प्रेरणा मिलती है जिससे हम अपने जीवन में कई नई बातों का ज्ञान प्राप्त कर सकते हैं। इस दौरान शिक्षण केंद्र पर आयोजित की गई खेल प्रतियोगिताओं लेमन रेस, म्यूजिकल चेयर, टीम बॉन्डिंग आदि में बच्चों ने प्रतिभाग किया। सभी बच्चों को आसरा स्टाफ द्वारा शुभकामनाएं देते हुए उपहार प्रदान किए।

## राजभवन में मनाया झारखंड का स्थापना दिवस

देहरादून(उद संवाददाता)।बुधवार को राजभवन में झारखंड का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने प्रतिभाग करते हुए विभिन्न कॉलेजों से आए झारखंड के छात्रों को राज्य स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दी। राज्यपाल ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं का अहम योगदान होगा। राज्यपाल ने कहा कि झारखंड विभिन्न प्रकार के खनिज के विशाल संसाधनों से संपन्न है और खनिज समृद्ध राज्य के रूप में देशभर में प्रमुख स्थान रखता है। भारत में कोयला, अभ्रक, कायनाइट और तांबे के उत्पादन में झारखंड सभी राज्यों में पहले स्थान पर है, जो इन खनिजों में इसके प्रभुत्व को उजागर करता है। उन्होंने कहा की झारखंड के नागरिकों का परिश्रम देश की उन्नति में उत्प्रेरक की भूमिका अदा कर रहा है। राज्यपाल ने भगवान बिरसा मुंडा का स्मरण करते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने झारखंड में अपनी सेवाकाल के संस्मरणों को भी इस अवसर पर साझा किया। राज्यपाल ने कहा कि 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' विचारधारा से प्रेरित यह कार्यक्रम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता की भावना, आपसी समझ और सम्मान की भावना को बढ़ाता है। भारत की जीवंत संस्कृति की गतिशीलता हमारे सांस्कृतिक और राजनैतिक विकास को बड़ी प्रेरणा प्रदान करती है।



## राज्यपाल ने दी 'राष्ट्रीय प्रेस दिवस' पर बधाई

देहरादून(उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राष्ट्रीय प्रेस दिवस के अवसर पर सभी पत्रकारों एवं मीडिया कर्मियों को शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तम्भ के रूप में मीडिया अपने कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन कर रहा है, वहीं बदलते दौर के साथ इस क्षेत्र में नई चुनौतियां भी उनके समक्ष आई हैं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय प्रेस दिवस देश में स्वतंत्र तथा उत्तरदायित्वपूर्ण प्रेस का प्रतीक है। सरकार व जनता के मध्य संवाद कायम करने में भी प्रेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रेस राष्ट्र के लिए नीति-निर्माताओं का सही मार्गदर्शन करता है।

## पेज एक का शेष...

**विधायक के एक्शन से ...** कॉलोनी का माहौल दिन प्रतिदिन बिगड़ता रहा है। मामले की जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा ने मौके पर पहुंचकर महिलाओं की शिकायत सुनी। महिलाओं का कहना था कि मोहल्ले में अवैध शराब के के कारण कई घर बर्बाद हो रहे हैं। एक युवक ने नशे के चलते आत्म हत्या कर ली है एक हफ्ते में इस तरह की यह दूसरी घटना है।महिलाओं का दर्द सुनकर विधायक का पारा सातवे आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने एसएसआई अर्जुन गिरी व पुलिस टीम के साथ दुकानों की तलाश शुरू की। जिसमें हैरान करने वाले परिणाम देखने को मिले। कई खोखों में कच्ची शराब के दर्जनों पाउच विधायक ने खुद ही बरामद किये। दूरभाष पर विधायक शिव अरोरा ने एसपी सिटी मनोज कत्याल से वार्ता की। जिसके बाद एसपी सिटी, कोतवाल विक्रम राठौर के साथ मौके पर पहुंच गये। मोहल्ले में भारी फोर्स और ताबड़तोड़ छापेमारी से शराब माफियाओं में खलबली मच गयी। विधायक अरोरा के साथ एसपी सिटी कत्याल और पुलिस टीम ने जाकर कई घरों में छापेमारी की तो घरों की छतों से लेकर बक्सों में भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद की गयी। विधायक ने कहा यहां घर घर मे इतनी मात्रा में शराब का मिलना बेहद हैरान करने वाला है। इन अवैध शराब कारोबारियों को किसी भी सूरत में पनपने नही दिया जाएगा। उन्होंने सख्त लहजे मे कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्पष्ट कहा है उत्तराखंड को नशा मुक्त बनाना है और रुद्रपुर में उनके विधायक होते अब ये सब नही चलने वाला। इन अवैध शराब माफियाओं की उल्टी गिनती शुरू हो गयी है किसी भी सूरत में इनको बख्शा नही जायेगा। छापेमारी के दौरान विधायक ने मौके पर नाले के किनारे चल रहे कच्चे खोखे फड़ों को भी हटवाया। उन्होंने कहा कि यहां की हालत दयनी है। स्थिति को सुधारने के लिए पुलिस चौकी का एक कॉस्टेबल हमेशा यहां तैनात रहेगा। साथ ही उन्होंने आंदोलन करने वाली महिलाओं को धमकाने वालो के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश भी पुलिस अधिकारियों को दिये। विधायक ने भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद होने पर मौके से ही दूरभाष पर उधम सिंह नगर के आबकारी अधिकारी डीओ अशोक कुमार से बात की और उन्हें जमकर फटकार लगायी। उन्होंने नसीहत दी कि अपनी कार्यशैली सुधार लो रुद्रपुर में यह सब अब नही चल पायेगा। विधायक शिव अरोरा ने स्थानीय महिलाओं को आश्वस्त किया वह आपके साथ हैं। अवैध शराब व अन्य नशे के खिलाफ एकजुट होकर इसको जड़ से समाप्त किया जायेगा। इस दौरान एसपी सिटी मनोज कत्याल, कोतवाल विक्रम राठौर, एस आई संदीप शर्मा, भाजपा से विकास सागर ,मयंक कक्कड़, सुनील सागर, मनोज मदान, सरोज रॉय, ईश्वर मलिक, गणेश रॉय, मनमोहन सिंह, वासु गुम्बर व अन्य लोग मौजूद रहे।

**केंद्रीय मंत्री ने लिया...**अभियान की पल पल की जानकारी ले रहे हैं। बचाव अभियान पर सीएम धामी ने कहा कि मशीन इंस्टॉल हो गई है और वहां काम शुरू हो गया है। सभी एक- दूसरे के समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। स्थिति थोड़ी कठिन है। सभी लोगों से लगातार संपर्क हो रहा है और उनके लिए सभी व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सभी लोग सुरक्षित हैं। वहीं सिलक्यारा टनल में भूस्खलन के बाद अब एनएचआईडी सीएल की ओर से वीडियो रिकॉर्डिंग करवाई जा रही है। जिसमें रेस्क्यू ऑपरेशन के साथ सुरंग में पल-पल के हालत पर नजर रखी जा रही है।

**प्रेमिका का शौक...**भुगतान के लिये रखे गये चोरी 11 लाख रूपये चोरी करने का आरोप मुंशी पवन चौहान पर लगाया था। घटना के बाद से ही मुंशी फरार था। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की। एसएसपी के निर्देश पर खुलासे के लिए टीमों का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम ने छानबीन करते हुए आरोपी पवन सिंह चौहान पुत्र प्रताप सिंह चौहान निवासी ग्राम लीती, थाना कपकोट, जिला बागेश्वर हाल निवासी किशनपुर, थाना नानकमत्ता के साथ ही उसकी प्रेमिका बसन्ती उर्फ बासू नगन्याल पुत्री रूप सिंह निवासी गलाती थाना धारचूला, जिला पिथौरागढ़ को शिव शक्ति बिहार फेज-3 थाना मुखानी, नैनीताल से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि गबन की गयी धनराशि में से उन्होंने कुछ सामान खरीद लिया तथा कुछ रूपये बैंक खातों में जमा किये।दोनों के पास से 1,48,000 की नगदी के अलावा दो सोने की चेन, दो कॉन के टॉपस, एक सोने की अंगूठी, दो मोबाइल बरामद किये गये। पकड़े गये पवन चौहान ने बताया कि उसने प्रेमिका का शौक पूरा करने के लिए चोरी की थी। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष देवेन्द्र गौरव, उपिनीक्षक लक्ष्मण दत्त जोशी,उपनिरीक्षक संजय कुमार, हेड का.नवनीत कुमा, प्रवीण कुमार शामिल थे।

**रूद्रपुर में ईआईएफएस..**2016 में चंडीगढ़ में हुआ था। कम्पनी मिनिस्ट्री ऑफ कार्पोरेट अफेयर्स से मान्यता प्राप्त है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2016 में कम्पनी के प्रारम्भ होने के बाद वर्ष 2020 में कम्पनी की कनाडा में शाखा का शुभारम्भ किया गया। जिसको उनकी सुपुत्री हर्षिता महाजन संचालित कर रही है। आज उसका जन्म दिन भी है इसलिए आज ही के दिन को रूद्रपुर शाखा के शुभारम्भ के लिए चुना गया। इसके बाद आज रूद्रपुर में कम्पनी की तीसरी शाखा का उद्घाटन किया गया है। श्री महाजन ने बताया कि कम्पनी में कनाडा, आस्टेलिया, अमेरिका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड व माल्टा आदि देशों के लिए शिक्षा व रोजगार अथवा अन्य कार्य के लिए जाने वाले युवाओं के लिए वीजा तैयार करवाया जाता है। उन्होंने बताया कि इस शाखा में युवाओं को चंडीगढ़ निवासी विशेषज्ञ परमजीत कौर युवाओं को शिक्षा प्रदान करेंगी। इस शाखा में उनके सहयोगी के रूप में संतोष कुमार, हरदीप सिंह, चरनजीत कौर, जतिन, नुपुर, जितेन्द्र सिंह व अवनीत कौर आदि कार्य कर रहे हैं। श्री महाजन ने बताया कि स्टूडेंट वीजा एक से चार वर्ष तक का बनता है। जिसके बाद उनकी कंपनी ईआईएफएस के माध्यम से विदेश भेजे जाने वाले युवाओं का वर्क परमिट बनता है। उन्होंने बताया कि कम्पनी द्वारा 8 से 17 वर्ष आयु तक के बच्चों का वीजा बनाया जाता है। साथ ही उनके अभिभावक भी वीजा बनवाकर अपने बच्चों के साथ जा सकते हैं। श्री महाजन ने बताया कि उनकी कम्पनी द्वारा कनाडा में तीन तथा अमेरिका में दो आईसीसीआरसी वकील भी नियुक्त किये गये हैं। जो वीजा सम्बधी किसी भी समस्या के उत्पन्न होने पर कम्पनी की तरफ से पैरवी करते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक उनकी ईआईएफएस कम्पनी द्वारा लगभग 7500 युवाओं का वीजा तैयार कर विदेश भेजा जा चुका है। श्री महाजन ने बताया कि कनाडा के लिए वीजा की एक वर्ष की फीस करीब 14 से 16 लाख रूपये, आस्ट्रेलिया व यूएसए , यूके की करीब 12 लाख है। जबकि यूरोपीय देशों की फीस करीब 6 से 7 लाख रूपये होती है। उन्होंने बताया कम्पनी अपने उद्देश्यों पर पूरी तरह से खरा उतरी है। इस कम्पनी में बीजा बनाने के बाद फीस जमा कराई जाती है। साथ ही जमा कराई गई फीस पूरी तरह से सुरक्षित रहती है। इस मौके पर भारी संख्या में गणमान्य अतिथिगण मौजूद थें।

**कमिश्नर ने किया...**रावत को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कमिश्नर ने सबसे पहले डीएम कोर्ट का निरीक्षण किया और वहां की व्यवस्थाएं देखी। इसके पश्चात एडीएम राजस्व कोर्ट पहुंचकर वहां पर पेशकार से कामकाज की जानकारी ली। उन्होंने राजस्व वसूली के साथ साथ गुंडा एक्ट के बावत भी जानकारी ली। कमिश्नर ने अधिकारियों से सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त रखने को कहा। साथ ही निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को अन्य निर्देश भी दिये। समाचार लिखने तक निरीक्षण जारी था।इस दौरान जिलाधिकारी उदय राज सिंह,एडीएम जयभारत सिंह, सीडीओ विशाल मिश्रा समेत अन्य अधिकारी भी थे।

**लापता व्यक्ति..**कालोनी भूड़िया थाना बहेड़ी के रूप में मृतक के पुत्र किशोर मंडल और तुषार मंडल द्वारा की गयी। सूचना पर क्षेत्राधिकारी सितारगंज ने भी मौका मुआयना कर जानकारी ली। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि घर पर झगड़ा होने के कारण खिरोद मंडल 2 नवम्बर को घर से नाराज होकर चला गया था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

**बंद घर से चोरों ने ...**दूज पर किशन लाल अपनी पत्नी शीला व बच्चों के साथ बिलासपुर ससुराल गये थे। वहां से जब वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ था और सामान इधर उधर बिखरा था। घर से 15 हजार की नगदी के अलावा सोने का मंगलसूत्र, झुके, चांदी के सिक्के, पाजेब आदि गायब थे। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस आस पस लगे सीसी टीवी कैमरों की फुटेज खंगाली रही है। बताया गया है कि चोर पड़ोसी के मकान के सहारे घर में दाखिल हुए और नगदी समेत जेवर समेटकर फरार हो गये।

**सड़क पर अचानक...**गई। मृतक युवक कोटद्वार के प्रतापनगर का रहने वाला था। वह सतपुली के पास एक इंटर कॉलेज में लैब असिस्टेंट के पद पर कार्यरत था। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व० तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
गुरू मां
Galaxy Tab S9 Series
samsung.com
Own now at ₹ 60999*
Up to ₹ 12000 HDFC Bank Cashback
Samsung upgrade bonus of ₹ 3000*
No cost EMI Up to 24 months#*
HDFC BANK
Secured by Knox
Galaxy Z Flip5
Own now at ₹ 3379/month*
Galaxy Z Fold5
Own now at ₹ 5237/month*
Galaxy S23 FE
Own at ₹ 67 per day*
SAMSUNG SMART PLAZA
Guru Maa Enterprises
No D1 & D2, opposite Guru Maa Dental Clinic, Civil Lines, Rudrapur, Uttarakhand 263153 Contact: 070390 02656
Cheema Chauraha, Ramnagar Rd, opp. HDFC Bank, Kashipur, Uttarakhand 244713 Contact: 070390 02648
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरु*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
AMERICAN EXPRESS
सेल्स एवं सर्विस हेतु कॉल करें - 8791989500, 9927882338 उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन